छात्रों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है खेल

प्रतिनिधि, समस्तीपुर

शहर के आरएनएआर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2026 के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं उत्साह पूर्ण संपन्न हुई. छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश अनुशासन एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया. प्रतियोगिता की शुरुआत दौड़ के साथ हुई. जिसमें छात्र-छात्राओं के लिए 100 मीटर की दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, लंबी छलांग, ऊंची कूद, छात्राओं के लिए कैरम जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया. दर्शन दीर्घा में मौजूद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने

प्रतिभागियों के साथ प्रधानाचार्य व अन्य.

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. प्रधानाचार्य प्रो. दिलीप कुमार ने कहा कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है. खेलना न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाता हैं बल्कि अनुशासन आत्मविश्वास और टीम भावना को भी विकसित करता हैं. खेल पदाधिकारी सह वनस्पति विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेलकूद से विद्यार्थियों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास होता है. मौके पर सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे.